CRI online | हिन्दी

# मध्य प्रदेश में नकली शराब पीने से 11 की मौत

2021-01-13 11:38:56




भारत के मध्य प्रदेश में एक सरकारी अधिकारी ने पुष्टि की कि 11 जनवरी की रात को नकली शराब पीने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, और अन्य 8 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस अधिकारी ने कहा कि यह मामला मध्य प्रदेश के मुरैना क्षेत्र के कई गाँवों का है। पीड़ितों ने स्थानीय रूप से बनाई गई नकली शराब का सेवन किया था। संबंधित चिकित्सा रिपोर्ट अभी तक जारी नहीं हुई है। स्थानीय सरकार ने इस मामले की जांच के आदेश दे दिये हैं।

(मीरा)

Source: http://hindi.cri.cn/20210113/b257c39e-4751-da2d-7060-87d5caa3e512.html